Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 243 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 20 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नम्रता से देवता भी मनुष्य को वश में हो जाते हैं।

God come in the command from amenity

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## सेलम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिखा अनोखा अंदाज, 11 शक्ति अम्माओं का मंच पर किया सम्मान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जहां एक तरफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के शक्ति से लड़ाई वाले बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु के सेलम रैली में 'नारी शक्ति' के सम्मान में अनोखा नजारा देखने को मिला। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां रैली को संबोधित करने से पहले मंच पर '11 शक्ति अम्माओं' को सम्मानित किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मंच पर पीएम मोदी सभी 'शक्ति अम्माओं' का हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहे हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया।

बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी 'मिशन दक्षिण' पर हैं। इससे पहले उन्होंने केरल के पलक्कड़ में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया था। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के जयकारे भी लगाए। पहली बार दक्षिण के राज्यों में पीएम मोदी के रोड शो में इतनी बड़ी तादाद में लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस रोड शो के दौरान पीएम मोदी जब लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तो लोग भावुक हो गए थे।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के सेलम में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी के शक्ति से लड़ाई वाले बयान पर फिर एक बार उनपर जमकर निशाना साधा। मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा को जाएगा, एनडीए को जाएगा। अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है- अबकी बार 400 पार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी तो चुनाव अभियान की शुरुआत हुई है। लेकिन, इंडी एलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी एलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान डीएमके और कांग्रेस का इंडी एलायंस कभी नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन, हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। इन्होंने तमिल संस्कृति के प्रतीक पवित्र सेंगोल की संसद में स्थापना का विरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने मनीष सिसौदिया की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (एएनआई)।** दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में सुनवाई की अगली तारीख 6 अप्रैल तक मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आज दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में सुनवाई के लिए दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि कुछ हाई-प्रोफाइल लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

### स्कूल के नजदीक विस्फोटक सामग्री मिलने से हड़कंप

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरु स्थित एक निजी स्कूल के पास खाली जमीन से विस्फोटक सामग्री बरामद होने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, यह पदार्थ स्कूल के पास एक खाली जगह पर खड़े ट्रैक्टर में रखा गया था। सूचना के बाद बेंगलुरु पुलिस मौके पर पहुंची और विस्फोटक सामग्री बरामद की। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन पदार्थों का इस्तेमाल कंस्ट्रक्शन साइट पर बोल्डर्स को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## हिंद महासागर में समुद्री डकैतों व आतंकवाद से निपटने के लिए भारत प्रतिबद्ध: पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में जहाजों के परिवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और समुद्री डकैती व आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोमवार को अपहृत बुल्गारियाई जहाज एमवी रुएन के सफल बचाव अभियान चलाने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति बुल्गारिया के राष्ट्रपति रुमेन राडेव के आभार की सराहना करते हुए यह बात कही। पीएम मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, राष्ट्रपति आपके संदेश की हम सराहना करते हैं। हमें खुशी है कि सात बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और जल्द ही घर लौट जाएंगे। भारत हिंद महासागर में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और समुद्री डकैतों व आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। जहाज 'रूएन' का पिछले साल दिसंबर में अरब सागर में समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। एक्स पर एक पोस्ट में, बुल्गारियाई राष्ट्रपति ने कहा, अपहृत बुल्गेरियाई जहाज रुएन और सात बुल्गारियाई नागरिकों सहित उसके चालक दल को बचाने के लिए भारतीय नौसेना की बहादुरी भरी कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा हार्दिक आभार। इससे पहले, बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया गेब्रियल ने कहा था कि उन्होंने भारतीय नौसेना के ऑपरेशन पर बुल्गारिया में भारतीय राजदूत संजय राणा से बातचीत की और बुल्गारियाई नागरिकों को बचाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## कांग्रेस ने 11 राज्यों के करीब 80 लोकसभा उम्मीदवारों के तय किए नाम, तीसरी सूची जल्द होगी जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की तीसरी सूची के नाम पर केंद्रीय चुनाव समिति ने चर्च पूरी कर ली है। इसमें 11 राज्यों की करीब 80 सीटों के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए गए हैं और अगले एक-दो दिनों में इसका एलान कर दिया जाएगा। हालांकि, चुनाव समिति की इस बैठक में उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे उन राज्यों की सीटों की चर्चा नहीं की गई है। जहां कांग्रेस गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम्र पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार, कर्नाटक, पुडुचेरी, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान और चंडीगढ़ की एक सीट के उम्मीदवार को लेकर चर्चा की गई। बताया जाता है कि तीसरी सूची में 80 सीटों में से अधिकांश पर नाम तय हो गए हैं और चंडीगढ़ सीट पर को लेकर तीन उम्मीदवारों के पैनल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका तो मामला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया। चूंकि उत्तर प्रदेश की सीटें चर्चा के एजेंडा में नहीं थी इसलिए अमेठी और राय बरेली से गांधी परिवार की उम्मीदवारी पर सियासी सस्पेंस अभी बरकार है। लोकसभा चुनाव के लिए पहली दो सूची को मिलाकर कांग्रेस अब तक अपने 82 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड में बड़ी सियासी उठापटक देखी जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक सीता सोरेन ने विधानसभा की सदस्यता के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्रीमती सीता सोरेन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे का पत्र पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन को भेजा है। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफे का पत्र भी विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को भेजा है। पार्टी सूत्रों की मानें तो सीता सोरेन, चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज थीं।

## पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा

### लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिलने से थे नाराज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एनडीए की सीट शेयरिंग में खाली हाथ रहने के बाद आरएलजेपी चीफ पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। पशुपति पारस ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस्तीफा दे दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे और मेरी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई। प्रेस कांफ्रेंस में पशुपति पारस ने कहा कि उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई। पशुपति पारस मोदी सरकार में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री थे।

बता दें कि सीट शेयरिंग में चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) को 5 लोकसभा मिलने से पशुपति पारस नाराज हैं। उन्हें सबसे बड़ी नाराजगी इस बात की है कि उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई। साथ ही सीट शेयरिंग की घोषणा से पहलें उनसे बात तक नहीं की गई। बिहार में राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों के बंटवारे का ऐलान हो चुका है। बंटवारे के तहत, बीजेपी एक बार फिर बड़े भाई की भूमिका में आ गई है। बीजेपी बिहार में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं जेडीयू के खाते में 16 सीटें आई हैं।

### सीडीएस जनरल चौहान का बड़ा दावा

## चीन और अस्थिर सीमाएं भारत और सेना के लिए सबसे विकट चुनौती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने चीन के साथ अस्थिर सीमाओं और चीन के उदय को सबसे विकट चुनौती बताया है। सीडीएस ने ये भी कहा है कि भारत और भारतीय सशस्त्र बलों को निकट भविष्य में चीन का सामना करना पड़ेगा। सीडीएस ने कहा है कि चीन के साथ अस्थिर सीमाएं और चीन का उदय निकट भविष्य में भारत और भारतीय सशस्त्र बलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बना रहेगा।



सीडीएस चौहान सोमवार को सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के रक्षा और सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित 'चीन के उदय और विश्व पर इसके प्रभाव पर तीसरी रणनीतिक और सुरक्षा वार्ता' कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि आज हम जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं वह अस्थिर सीमाएं हैं। भारत की प्राचीन सीमाएं आकार लेने लगी हैं। उन्होंने कहा कि हमें विवादित सीमाएं विरासत में मिलीं। चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जे ने उन्हें एक नया पड़ोसी बना दिया और भारत के विभाजन ने एक नए राष्ट्र का निर्माण किया जो शत्रुता और हमारे प्रति नफरत पर पनपा।

कार्यक्रम में जनरल चौहान ने कहा कि आज भारत के दोनों पड़ोसियों ने सीमा पर विवाद किया है। संघर्षों के कारण वास्तविक नियंत्रण रेखा, नियंत्रण रेखा और वास्तविक जमीनी स्थिति रेखा जैसे शब्द सामने आए हैं।

## अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत इस सप्ताह आएंगे भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत थॉमस वेस्ट, गंभीर मानवीय संकट से जूझ रहे अफगान लोगों की सहायता के लिए मिलकर काम करने पर विचार-विमर्श करने के लिए इस सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे।

वेस्ट की यात्रा मानवीय सहायता और व्यापार पर चर्चा के लिए इस महीने की शुरुआत में काबुल में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मोत्ताकी से मुलाकात के बाद हो रही है। वेस्ट ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस सप्ताह मैं अफगानों की सहायता के लिए मिलकर काम करने के बारे में अपने सहयोगियों से मिलने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा करूंगा। दिसंबर 2022 में भारत की यात्रा करने वाले वेस्ट ने अफगान नागरिकों के हितों के लिए काम करने को लेकर भारत की सराहना की है।

## नागरिकता देने पर रोक नहीं... सीएए पर केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिकाओं पर मंगलवार केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद केन्द्र सरकार को राहत दी है। CAA नोटिफिकेशन पर फिलहाल रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए कहा, 237 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। पीठ उनकी इस गुहार पर कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई नौ अप्रैल को करेगी। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

## बीजेपी और पीएमके के अंबुमणि रामदास ने लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के समझौते पर हस्ताक्षर किए



**थाइलापुरम (एजेंसी)।** तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई और पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तमिलनाडु के थाइलापुरम में सीट-बंटवारे समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले 60 वर्षों से तमिलनाडु पर शासन करने वाली पार्टियों के प्रति नफरत है। लोग राज्य में बदलाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लोगों की उस इच्छा को पूरा करने के लिए, पीएमके ने एनडीए के साथ गठबंधन करने का यह निर्णय लिया है।

पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने कहा, पीएमके अतीत में दोनों द्रविड़ पार्टियों के साथ गठबंधन में रही है और हाल ही में, पीएमके 2021 के विधानसभा चुनावों में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में थी। पीएमके ने 2021 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईएडीएमके गठबंधन में 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और 4.04 प्रतिशत हासिल करके पांच सीटें जीतीं।

2019 के आम चुनावों के दौरान, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, वीसीके, एमडीएमके, सीपीआई, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, एमएमके, केएमडीके, टीवीके, एआईएफबी शामिल थे, ने 38 सीटें जीतकर भारी जीत दर्ज की। 39 सीटें. 2019 में, डीएमके ने 33.2 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 23 लोकसभा सीटें जीतीं, कांग्रेस ने 12.9 प्रतिशत वोट के साथ 8 सीटें जीतीं और सीपीआई ने तमिलनाडु में 2 सीटें जीतीं। सीपीआई (एम) को एक सीट मिली, आईएमएल ने 1 सीट जीती और 2 सीटों पर निर्दलीय चुने गए।

पीएमके, एक राजनीतिक दल जो ज्यादातर तमिलनाडु में वन्नियार अल्पसंख्यक का प्रतिनिधित्व करता है, लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का दूसरा मुख्य गठबंधन भागीदार था, जिसने सात गठबंधन सीटों पर चुनाव लड़ा था। 5.42 प्रतिशत वोट प्रतिशत के साथ, यह चुनाव में एक भी सीट सुरक्षित करने में असमर्थ रही। 2014 में सात सीटों पर पीएमके का वोट शेयर मामूली बढ़कर 5.42 प्रतिशत हो गया।

## रायपुर से लेकर सरगुजा तक पानी ही पानी, मौसम विभाग ने दी बारिश की चेतावनी



**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग रायपुर ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक बार फिर से भयंकर मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में इस दौरान मौसम काफी बिगड़ सकता है।

मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेण्ड्रा, मरवाही, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा, कबीरधाम एवं जांजगीर-चांपा जिलों में मेघगर्जन के साथ वर्षा होने, अंधड़ चलने अथवा ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। इसी तरह बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, गरियाबंद तथा महासमुंद जिलों में भी मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने इसके पूर्व 16 मार्च से प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ने तथा आंधी-बारिश की चेतावनी दी थी। जो कि पूर्ण रुप से सच साबित हुई है। 16 मार्च से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बेमौसम बारिश का सिलसिला देखा जा रहा है। इससे खेती-किसानी को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

## भाजपा की विभिन्न समितियों और विभागों की बैठकों में चुनावी तैयरियों पर हुई चर्चा

### प्रदेश सह-प्रभारी नबीन और प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया मार्गदर्शन, प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा जीतेगी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न समितियों और विभागों की मंगलवार को बैठकें हुईं। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई इन बैठकों में प्रदेश सह-प्रभारी और बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए आगामी चुनाव की रणनीति तैयार की। श्री नबीन ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति और उसके क्रियान्वन की समीक्षा की।इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने मौजूद थे।

श्री नबीन ने भाजपा की चुनाव प्रबंध समिति, चुनाव कार्यालय, कॉल सेंटर, कार्यालय प्रबंधन, मीडिया विभाग, मीडिया संपर्क, विज्ञापन अभियान, वीडियो वेन, सोशल मीडिया व हाईटेक अभियान, डिजिटल विभाग, वाहन, प्रवास, अतिथि विभाग, न्यायिक मामले व चुनाव आयोग, प्रलेखीकरण, साहित्य सामग्री निर्माण, साहित्य छपवाना, प्रचार सामग्री व साहित्य वितरण, भाषण बिन्दु, सांस्कृतिक, विशेष संपर्क, प्रवासी कार्यकर्ता, महिला अभियान, युवा अभियान, एससी अभियान, एसटी अभियान, झुग्गी झोपड़ी अभियान, सामाजिक सपंर्क अभियान, लाभार्थी अभियान, संकल्प पत्र अभियान समिति की बैठकों में सभी पदाधिकारी और अपेक्षित कार्यकर्ताओं से चर्चा की। श्री नबीन ने अब तक के संगठनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति प्रमुख शिवरतन शर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भरतलाल वर्मा, रामजी भारती, जगदीश (रामू) रोहरा, श्रीमती सरला कोसरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब, कार्यालय प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता, सह प्रभारी रजनीश शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, दीपक म्हस्के, रंजना साहू, रसिक परमार, अनुराग अग्रवाल, विजय शंकर मिश्रा, सुरेन्द्र पाटनी, मोहन पवार, ओंकार बैस, उज्जवल दीपक, योगी अग्रवाल, किरण बघेल, कृतिका जैन, अवधेश जैन, हेमंत पाणिग्राही, सोमेश पांडेय मितुल कोठारी, सुनील पिल्लई, सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चुनाव आयोग ने 24 घंटे के अंदर बंगाल के डीजीपी को फिर बदला

### अब संजय मुखर्जी को कमान

**कोलकाता (आरएनएस)।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में विवेक सहाय को डीजीपी के रूप में नियुक्ति के महज 24 घंटे के भीतर ही उन्हें पद से हटा दिया। विवेक सहाय को राजीव कुमार की जगह बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया गया था। मंगलवार को एक नई अधिसूचना जारी की गई जिसके तबत सहाय की जगह 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी लेंगे। मुखर्जी फिलहाल अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के महानिदेशक हैं।

सोमवार को, चुनाव आयोग ने राजीव कुमार को हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद आयोग ने राज्य सरकार से उसके बदले तीन नाम मांगे थे। राज्य सरकार ने विवेक सहाय (1988 बैच), संजय मुखर्जी (1989 बैच) और राजेश कुमार (1990 बैच) की सिफारिश की थी।

वरिष्ठता के आधार पर आयोग ने सहाय की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, इससे पहले कि वह 24 घंटे पूरे कर पाते, उनकी जगह मुखर्जी को नियुक्त कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सहाय इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जबकि बंगाल में चुनाव का अंतिम चरण 1 जून को है।

कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसलिए, आयोग ने इस पद पर किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करना उचित समझा जो चुनाव की शुरुआत से लेकर अंत तक पद पर बना रह सके।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा निर्वाचन 2024 : कलेक्टर ने विभिन्न अनुवीक्षण कक्षों का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत संचालित होने वाले विभिन्न अनुवीक्षण कक्षों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सूचना प्रौद्योगिकी सेल, व्यय अनुवीक्षण कक्ष, नियंत्रण कक्ष, निर्वाचन व्यय, शिकायत अनुवीक्षण, पर्यवेक्षक कक्ष आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षों में साफ-सफाई पर जोर देते हुए पुराने व अनुपयोगी सामानों को हटाने कहा। इसीप्रकार पेयजल, विद्युत व इंटरनेट आपूर्ति दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कक्षो में सम्बंधित अनुवीक्षण कार्य सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर. आर. दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 18 अप्रैल तक आनलाईन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में शिक्षण सत्र 2024-25 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 समय प्रात: 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित किया जाना है। उक्त चयन प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों द्वारा आनलाईन आवेदन 18 अप्रैल 2024 तक तथा आनलाईन भरे गये फॉर्म में त्रुटि सुधार 19 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक कर सकते है। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रावीणता के आधार पर बालिका वर्ग में 30 एवं बालक वर्ग में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। विद्यार्थियों द्वारा आंनलाईन आवेदन वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http://eklavya.cg.nic.in पर कर सकते है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक : डॉ. गौरव सिंह

## कलेक्टर, एसपी ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 0 चुनावी जुलूस, रैली की सूचना पूर्व में स्थानीय पुलिस थाने में दी जानी चाहिए : एसपी संतोष सिंह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराना है। इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं। सभी के सहयोग से आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कर पाएंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिंह द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ली गई।





बैठक के दौरान आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई तथा संहिता का आवश्यक रूप से पालन करने की अपेक्षा राजनीतिक दलों से की। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि नामांकन के समया किसी प्रत्याशी एवं उसके समर्थकों के तीन से अधिक वाहन आरओ या एआरओ कार्यालय के 100 मीटर के दायरे के भीतर नही आएंगे। मतदान के दिन प्रत्याशियों को केवल तीन वाहनों की संचालन की अनुमति होगी.एक स्वयं के लिए एक निर्वाचन अभिकर्ता के लिए और एक कार्यकर्ताओं के लिए। इन वाहनों के लिए अनुमति पत्र सक्षम प्राधिकारी जारी करेंगे और यह अनुमति पत्र वाहनों के सामने शीशे पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रचार में लगे वाहन किसी भी स्थिति में तीन से अधिक के काफिले में नही चलेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए। वोट के लिए अपील करते समय धार्मिक स्थल या संस्थान का उपयोग नही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कोई दल या प्रत्याशी स्वयं किसी की निजी संपत्ति पर, भवन, भूमि अथवा परिसर पर झंडे,पोस्टर बैनर आदि उसकी पूर्वानुमति के बिना नही लगाएगा और न ही अपने समर्थको को ऐसा करने दें। अस्थायी प्रचार कार्यालयों की अनुमति किसी भी अतिक्रमित भूमि या भवन पर नहीं दी जायेगी। साथ ही शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल से लगे हुए भवनों में भी अस्थायी प्रचार कार्यालय की अनुमति नहीं दी जाएंगी। किसी भी मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में ये किसी भी कार्यालय के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। ये कार्यालय किसी धार्मिक भवनों में नहीं संचालित किए जा सकेंगे । इसकी अनुमति सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर, विमान का उपयोग करने वाले राजनीतिक दलों को अनुमति के लिए सक्षम प्राधिकारी को तीन दिन पहले आवेदन किया जाना चाहिए । हेलीकॉप्टर में यात्रा करने वाले व्यक्तियों और उसमे ले जाने वाली सामग्री का भी आवेदन में उल्लेख किया जाएगा। साथ ही हेलीकॉप्टर में किसी भी बदलाव के बारे में कम से कम 3 घंटे पूर्व सूचित किया जाना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर ही जुलूस, रैली एवं सभा का आयोजन किया जाए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभा आदि के आयोजन में की जाने वाली टेंट, कुर्सी, माईक, पण्डाल तथा अन्य सामग्रियों की संख्या आदि की जानकारी अनिवार्य रूप से निर्वाचन कार्यालय को दी जानी चाहिए। रैली में पुतला दहन की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही इस दौरान किसी प्रकार के भड़काउ स्लोगन या भाषा का उपयोग किया जाना चाहिए। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

एसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि जुलूस आदि के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा बाधा पहुंचायी जाती है तो राजनीतिक दल स्वंय उस पर कार्यवाही न करें तथा कानून अपने हाथ में न ले, इसकी सूचना पुलिस को दें साथ ही जुलूस के दौरान उपस्थित पुलिस बल इस पर कार्यवाही करेगा। चुनावी सभा या जुलूस के आयोजन के पूर्व स्थानीय पुलिस को सूचित किया जाएगां। यदि कोई प्रतिबंधात्मक प्रावधान लागू हो तो उनका पालन किया जाए। यदि ऐसे सभा या जुलूस में ध्वनिविस्तारक आदि का उपयोग किया जाना हो तो उसकी अनुमति ली जाए। इस अवसर बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, एडीएम श्री कीर्तिमान राठौर, श्री देवेन्द्र पटेल, उप निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

## जमाअत ए इस्लामी हिंद द्वारा रोज़ा इफ्तार पार्टी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर के जानिब से 17/3/2024 इतवार को बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टावर में फैमली इफ्तार पार्टी फैमिली गेट टूगेदर का प्रोग्राम रखा गया, जिसमे जमात के मेंबर्स की फैमिली के अलावा और भी बहुत से लोगो ने फैमिली के साथ इस फैमिली गेट टूगेदर रोज़ा इफ्तार पार्टी में उपस्थित हुए, सभी ने साथ में मिलकर रोजा इफ्तार किया और एक दूसरे को रमजान के मुबारकबाद पेश की। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में रायपुर अध्यक्ष ने संस्था का परिचय पेश किया और उसके द्वारा किए जाने वाले काम लोगों के सामने बताएं, अंत में जमात इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रोज़ा इफ्तार के बाद सभी ने एक साथ मिलकर भोजन किए। इस कार्यक्रम के ऑर्गेनाइज़र मोहम्मद आमिर रहे।



## छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं अब 14 मई से

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 अब 14 मई 2024 से प्रारंभ होगी। लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद पूर्व में जारी समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के प्रभारी सचिव श्री पी. पी. द्विवेदी ने बताया है कि प्रदेश में तीन चरणों में मतदान की घोषणा की गई है। मतदान की तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं 14 मई से प्रारंभ होकर 27 मई तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रात: 9:00 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित है। राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को विशिष्ट उर्दू, 16 मई को विज्ञान, 18 मई को सामाजिक विज्ञान, 20 मई को गणित, 22 मई को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य संस्कृत, 24 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 14 मई को सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी, 16 मई को भूगोल, रसायन, लेखा शास्त्र, 18 मई को अर्थ शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 20 मई को राजनीति शास्त्र, 22 मई को विशिष्ट उर्दू, 24 मई को समाज शास्त्र, 27 मई को इतिहास, भौतिकी, व्यवसाय अध्ययन के पर्चे होंगे।

## शिक्षकों की नई और पॉजेटिव सोच से विद्यालयों में आएगा बदलाव : एमजेडयू सिद्दीकी

### पांच दिवसीय अधिस्थापन प्रशिक्षण का हुआ समापन, एससीईआरटी रायपुर के मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण





**जशपुर ( विश्व परिवार )।** पांच दिवसीय नव नियुक्त शिक्षकों की अधिस्थापन प्रशिक्षण का समापन 18 मार्च को हुआ। इस प्रशिक्षण में नव नियुक्त शिक्षकों को मोटिवेट करने का उनमें उत्साह भरने का कार्य एस सी ई आर टी से आए हुए मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा बखूबी किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन शिक्षकों की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, चेतन और अवचेतन मन पर विस्तृत चर्चा हुई मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा शिक्षकों को मूल मंत्र दिया गया कि अपने लक्ष्य को लिखकर रखें या दीवाल पर चिपकाए। ताकि बार-बार आप उसे देखें और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से ना भटके। दूसरे दिवस के प्रशिक्षण में तनाव प्रबंधन, भाषा और शिक्षा विभाग की संरचना पर चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षकों के द्वारा बताया गया कि यदि अच्छा काम करते हैं तो स्वयं को भी शाबाशी जरूर दें।

तीसरे दिवस के प्रशिक्षण में संज्ञानात्मक क्षेत्र, स्वयं का कार्य, समुदाय की सहभागिता, संख्याओं की अवधारणा और विभिन्न प्रकार के शाला अभिलेख पर चर्चा हुई तथा ग्रुप प्रेजेंटेशन गणित की संक्रियाओं पर करवाया गया। जिसमें जिले के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा भी प्रेजेंटेशन दिया गया।चौथे दिवस के प्रशिक्षण में पूरे दिन नवा जतन के सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई और बच्चों में 6 सी (क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिव थिंकिंग, कोलैबोरेशन, कम्पेशन, कॉन्फिडेंस और कम्युनिकेशन स्किल)को निर्माण करने के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही किस तरह आप बच्चों को चुनौती दे सकते हैं, सीखने सिखाने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई और अंत में ग्रुप में बांट कर नव नियुक्त शिक्षकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया गया। पांचवें और अंतिम दिवस के प्रशिक्षण में जितनी भी बातें पिछले चार दिनों में हुई थी उसे समेकित करते हुए विद्यालय के वातावरण को बेहतर बनाने के तरीके, मूल्यांकन, परीक्षा, और आकलन में अंतर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आधुनिक और परंपरागत खेलों के ऊपर भी चर्चा हुई। आजकल बच्चे परंपरागत खेलों से दूर है, जिसकी वजह से उनका शारीरिक विकास भी उस तरह नहीं हो पा रहा है जैसा होना चाहिए यह भी मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया गया।

एस सी ई आर टी से आए हुए मास्टर ट्रेनर राजकुमार जलतारे, दीपेश पुरोहित, मनीष मिश्रा, चेतन कुमार पटेल, जानकी साहू ने अपनी ओर से पूरी कोशिश की की सारे नव नियुक्त शिक्षक को विद्यालयों के लिए पारंगत बनाने की। दीपेश पुरोहित एवं राजकुमार जलतारे सर के द्वारा विभिन्न विषयों पर शिक्षकों को चुनौती देते हुए विस्तृत चर्चा की गई तो मनीष मिश्रा के मीठे गीतों ने सबका दिल जीत लिया वही चेतन पटेल के द्वारा शाला अभिलेख, अवकाश और शिक्षा विभाग की संरचना पर विस्तृत रोशनी डाली गई तो जानकी साहू के द्वारा एफ एल एन पर चर्चा की गई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 807 दिनांक 19.03.2024**
**वार्ड का नाम- सुभाष चन्द्र बोस वार्ड**
**वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 35 मांग **पंजी क्र. 618 युआईडी 36298** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दीपक झा / श्रीचंद झा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **हरलीन कौर सलूजा / सतेंदर सिंह सलूजा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 18-04-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 808 दिनांक 19.03.2024**
**वार्ड का नाम- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**
**वार्ड क्र. 12 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 12 मांग **पंजी क्र. 450 युआईडी 16376** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रफुल्ल मोहली / सुदर्शन मोहली** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **पुष्पांजली लहरी / दुर्गेश लहरी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 18-04-2024 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./10025/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10025**
**वार्ड का नाम-50- रानी दुर्गावती**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446E00389** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR NAYAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TARA CHAND NAYAK** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. VIJAYA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI VIJAY KUMAR JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक: एसएनटी-आर-2024-03 दिनांक 12.03.2024**
**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल में 03 वर्ष की अवधि के लिए संचार निर्मिति 5 वॉट वॉकी-टॉकी सेट मॉडल नं. एसटीसी-700 के चार्जर एडाप्टर के साथ पॉकेट और हेलिकल एंटीना का वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु.1162704.90/- **ईएमडी:** रु.23300.00/- **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 36 (छत्तीस) माह। बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल **15.04.2024** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैनुअल आंफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण हमारे वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता**
**द.पू.मध्य रेल्वे, रायपुर**
पीआर/आर/एस अँण्ड टी/एपी/277
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्यो हेतु निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) निविदा सूचना संख्या: 163-एसटी-टेंडर-2024 दिनांक : 01.03.2024.**
**कार्य :** "सीईआरएल की नई पूर्वी रेल गलियारा परियोजना और सीईडब्ल्यूआरएल की छत्तीसगढ़ पूर्व पश्चिम रेल गलियारा परियोजना के लिये बिलासपुर/एसईसीआर में नियंत्रण भवन के विस्तार/संशोधन का प्रावधान"।
**निविदा मूल्य :** ₹ 14,39,682/- (रूपये चौदह लाख उनतालीस हजार छः सौ बयासी रूपये मात्र)। **अमानत राशि :** ₹ 28,800/- (रूपये अट्ठाईस हजार आठ सौ रूपये मात्र), **निविदा का जमा होना:** 26.03.2024 के 15:00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **http://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/लाइन**
सीपीआर/10/468 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./10118/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10118**
**वार्ड का नाम-50- रानी दुर्गावती**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445C0303A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT. NAZUL RANJANA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH KUMAR TANDAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI TEKRAM TANDAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ......... / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./9813/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 9813**
**वार्ड का नाम-50- रानी दुर्गावती**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445H00043** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PREMNATH TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BABULAL TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. MINAKSHI SAHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI BIKRAM KESHARI SAHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./9553/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 9553**
**वार्ड का नाम-53- बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651K01804** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS. DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS** पिता/पति, श्री/श्रीमती ...... केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. BALJEET KAUR BACHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O DR. G.S. BACHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./10226/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10226**
**वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759D00159** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KACHODMAL MADAN LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGAT PRASAD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सुरेश कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कजोड़मल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./9882/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 19-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 9882**
**वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759D00159** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KACHODMAL MADAN LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGAT PRASAD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **दिनेश कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कजोड़मल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **वसीयतनामा**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /10255/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 18-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10255**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801P00278** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SNEHA MANSAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOJ MANSAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. CHOTELAL KUSHWAHA S/O JAGDISH KUSHWAHA 2. BABITA KUSHWAHA W/O CHOTELAL KUSHWAHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती ....... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **डुमरतराई फेस-I-रायपुर** में स्थित 256 **ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक** 196/ **ब्लॉक** 13 **भू-तल, श्रीमती सावित्री साहू, पति श्री अरूण कुमार साहू** के नाम इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्रमांक-1069,** दिनांक **04.02.2011** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट का लीजडीड निष्पादित दिनांक **19.01.2012** को निष्पादन किया गया है। मूल आबंटी **श्रीमती सावित्री साहू, पति श्री अरूण कुमार साहू,** निवासी- अछोटी धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर, उक्त फ्लैट को विक्रय करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त फ्लैट के **विक्रय अनापत्ति** के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर** रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-10/117 द्वितीय तल में श्री सुशील कुमार पंडा पिता श्री डोलामणी पंडा** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **11.07.2006** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **05.03.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती रोशनी साहू, पति श्री राजेश कुमार साहू** के नाम से विक्रय करने के लिए **विक्रय अनुमति** की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

# यह चुनाव भारत के संविधान की रक्षा का चुनाव है - ज्योत्सना

### सतरेंगा में हुआ कांग्रेसियों का विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आसन्न लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में कोरबा लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय बैठक की कड़ी में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों का महासम्मेलन सतरेंगा में 16 मार्च को आयोजित हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा आयोजित इस बैठक में कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत विशेष तौर पर उपस्थित रहीं व मार्गदर्शन दिया। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देशों और लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते




हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि यह चुनाव भारत के संविधान की रक्षा का चुनाव है। वर्तमान केंद्र की सरकार धीरे-धीरे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सामान्य वर्ग के गरीबों का हक छीनते जा रही है। आने वाला भविष्य अंधकारमय है। हम सबको इस अंधकारमय भविष्य से देश की जनता को बाहर निकालने के लिए मिल-जुलकर काम करना है। सांसद ने कहा कि सभी तरह के मतभेद-मनभेद को भुलाकर हमें अपनी कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना है। रामपुर की जनता का मुझे पहले भी स्नेह मिला और आगे भी मिलता रहेगा, इसका पूरा विश्वास है। सतरेंगा में आयोजित विधानसभा स्तरीय विधानसभा सम्मेलन में प्रमुख रूप से रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर, महेन्द्र पाल सिंह कंवर, रश्मि सिंह, रेखा त्रिपाठी, रूपा मिश्रा सहित ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत, दौलत राम राठिया, श्रीमती हरकुंवर बिंझवार के अलावा सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण सहित जिला, ब्लॉक, जोन, सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही शुरू

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी जिले में प्रभाशील हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों, जनपद मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों के सभी शासकीय भवनों से संपत्ति विरूपण पर टीम द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई। इसके तहत सभी शासकीय भवनों सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर, हॉर्डिंग्स, फ्लिक्स, झंडा, पोस्टर आदि को हटाया जा रहा है। इसके साथ ही दीवार लेखन को भी मिटाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता प्रभावी होने के 48 घंटे के अंदर सभी शासकीय भवनों से, 72 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों से तथा निजी भवनों से 96 घंटे के अंदर संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही पूरा करना है।

# गेवरा में सीएमडी मिश्रा ने खनन का लिया जायजा, अधिकारियों से किया संवाद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वित्तीय वर्ष समाप्ति की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, ऐसी स्थिति में कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल करने प्रबंधन ने पूरा जोर लगा दिया है। वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार नजर रखे हुए हैं। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) के सीएमडी डा प्रेमसागर मिश्रा भी खदानों का निरीक्षण कर उत्पादन बढ़ाने कर्मियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सीएमडी डा मिश्रा ने मेगा परियोजना गेवरा का दौरा किया और सीधे खदान के कोयला फेस तक गए, जहां स्थानीय



अधिकारियों के साथ कोयला उत्पादन कार्य से रूबरु हुए। स्थल पर अधिकारियों से चर्चा कर अधिक कोयला निकालने पर जोर दिया। तदुपरांत खदान के मिट्टी निकासी (ओबीआर) का जायजा लिया। एसईसीएल ने चालू वित्तीय वर्ष में 310 मिलियन क्यूबिक मीटर मिट्टी निकासी का आंकडा पार कर लिया है और अब नए लक्ष्य की ओर अग्रसर है। प्रबंधन की कोशिश है कि ज्यादा ओबीआर होने पर आगामी वित्तीय वर्ष ज्यादा कोयला निकालने में दिक्कत नहीं होगी और खदान निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कोयला उत्पादन करने में सफल रहेगी। खदान निरीक्षण के बाद डा मिश्रा ने क्षेत्रीय मुख्यालय गेवरा में तीनों मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में पदस्थ कार्मिक अधिकारियों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया।

# हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों ने बंदा कराया मिट्टी निकासी कार्य

**कोरबा(विश्व परिवार)।** खदान में हैवी ब्लास्टिंग किए जाने, पानी व धूल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दीपका खदान में मिट्टी निकासी (ओबी) का काम बंद करा दिया। अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौटे, तब ओबी का कार्य शुरू हो सका। हरदीबाजार के शांतिनगर, शिक्षक नगर, बगीचापारा के महिला- पुरुष व युवा दीपका कोयला खदान के ओबी में लगे कार्य को बंदा करा समस्या निराकरण की मांग करने लगे। ओबी का कार्य बंद होने की सूचना मिलते ही एसईसीएल दीपका खदान के महाप्रबंधक माइनिंग मनोज सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। इसके साथ ही ब्लास्टिंग की तीव्रता कम करने, मोहल्ले में टैंकर के माध्यम से पानी आपूर्ति करने और ब्लास्टिंग से हुई क्षति का आंकलन करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गांव के स्थानीय बेरोजगारों को खदान में नियोजित कंपनियों में रोजगार देने की मांग युवाओं ने रखी। तब अधिकारियों के लिखित आश्वासन उपरांत ग्रामीण वापस लौटे और खदान में ओबी का काम शुरु हो सका। खदान बंद कराए जाने की जानकारी मिलते ही दीपका-हरदीबाजार पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई थी, जो मामला शांत होने पर वापस लौटी। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के प्रदर्शन के कारण मलगांव दीपका रोड साइड में ओबी का कार्य दो घंटे बंद रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जितने भी हैंडपंप व कुआं है, वह सूख गए हैं।

# चोरों ने दीवार खोद कर किया चोरी का प्रयास संचालक की नींद खुलने से भागे चोर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ते जा रही है। इससे आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। शनिवार की रात को मुख्य सड़क में स्थित मां सर्वमंगला ज्वेलर्स की दुकान पर चोरों ने दीवार खोदकर चोरी का प्रयास किया, पर दुकान संचालक की नींद खुल जाने की वजह से चोर फरार हो गए। संचालक ने बताया कि रात में दीवार में खोदने तथा ईंट गिरने की आवाज सुनाई दी। तब दुकान में सोए संचालक की नींद खुल गई और उन्होंने बाहर निकल कर देखा, तो तीन अज्ञात लोग दुकान के पीछे दीवार खोदने का प्रयास कर रहे थे। उसकी आहट सुन कर अज्ञात चोर भाग निकले, इससे बडी चोरी होने की घटना बच गई। नगर क्षेत्र में आए दिन छोटे मोटे चोरी की घटनाएं होते रहती है। अधिकतर लोग पुलिस मामले से बचने के लिए चोरी की रिपोर्ट नहीं करते। नगर में पेट्रोलिंग के लिए डायल 112 को तैनात किया गया है परंतु रात में पेट्रोलिंग नहीं किए जाने से चोरी की घटनाएं हो रही है। लोगों का कहना है क्षेत्र में कबाडी सक्रिय होने से चोरी की घटनाएं बढ गई है। इससे लोगों में दहशत बढ़ गई है । वंदना पावर प्लांट बंद होने के बाद उसमें लगे कीमती सामान को चोरी कर कबाडी के पास बिक्री करते मामले सामने आ चुका है। प्लांट मे चोरी लायक सामाग्री नहीं होने से चोर घरों में चोरी करने लगे है। परंतु पुलिस प्रशासन मामले को लेकर गंभीरता नहीं लिए जाने से आए दिन चोरी की घटनाएं घट रही है। कबाडी को नगर क्षेत्र से भगाने को लेकर पूरे नगरवासी लामबंद होकर पुलिस और जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी कबाडी के खिलाफ ऊपर उचित कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों को शासन प्रशासन के प्रति विश्वास उठ गई है।

# सजग कोरबाः 10 प्रेशर हॉर्न और 12 गाड़ी में लगी ब्लैक फिल्म हटाने की कार्यवाही की गई

### होली त्यौहार के मद्देनजर दो गई समझाईश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा पुलिस द्वारा सजग कोरबा के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री यू.बी.एस. चैहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थानाध्चैकी के द्वारा शहरी क्षेत्र के प्रमुख चैक-चैराहों में तथा सभी ग्रामीण थाना क्षेत्रों में चेकिंग पाईंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश के परिपालन में थाना एवं चैकी क्षेत्र में होली त्यौहार को देखते हुए पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा है पेट्रोलिंग के दौरान आसामाजिक तत्व, आम जगह पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार आबकारी एक्ट, एम वी एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जा रहा है। दिनांक 16.03.2024 को कोरबा पुलिस के द्वारा सरप्राइज चेकिंग के दौरान 10 प्रेशर हॉर्न और 12 गाड़ी में लगे ब्लैक फिल्म हटाने की कार्यवाही की।कोरबा पुलिस के द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वह दो पहिया वाहनों में तीन सवारी ना चले, चेहरे पर नकाब, गमछा, रुमाल, मास्क अन्य चीजों से चेहरा छुपाकर एवं शराब पीकर वाहन ना चलाएं। वैध कागजात एवं ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन ना चलाएं साथ ही हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं क्योंकि जीवन अनमोल है। दिनांक 16.03.2024 को समझाइए एवं चेतावनी दिए जाने के बाद आज से ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध पुलिस के द्वारा नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# बालको के मेगा हेल्थ कैंप से चोटिया नागरिक लाभान्वित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया खादान के भुजनकछार में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में निशुल्क दवा एवं चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 112 नागरिक लाभान्वित हुए। विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार एवं जरूरतमंदों को दवाएं मुफ्त में



प्रदान की। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के लालपुर पंचायत के साथ 5 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से भुजनकछार मेगा हेल्थ कैंप से स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। घुचापुर के सरपंच श्री रति राम ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस पहल ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया है जिससे सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम भुजनकछार में शिविर आयोजित करने के लिए बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हर 15 दिनों में एक मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी संचालित करती है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गेवरा खदान में डोजर पलटा, बाल- बाल बचा आपरेटर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोयला उत्पादन बढ़ाने के दबाव में सुरक्षा की लगातार अनदेखी हो रही है। इससे खदानों में दुर्घटनाएं भी हो रही है। मेगा परियोजना गेवरा में विभागीय डोजर पलट गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, पर इससे सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा परियोजना में बी-टू स्टाक में विभागीय डोजर लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि कार्य के दौरान आपरेटर से डोजर अनियंत्रित हो गया और पलट गया। घटना में आपरेटर को किसी तरह गंभीर चोट नहीं लगी। हालांकि बाद में आपरेटर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कर्मियों का कहना है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसी स्थिति में उत्पादन व डिस्पैच बढ़ाने पर दबाव बना हुआ है। लगातार काम लिए जाने से सुरक्षा की अनदेखी भी हो रही है। इसकी वजह से खदान में दुर्घटनाएं हो रही है। इन दुर्घटनाओं की वजह ने सुरक्षा उपायों की पोल खोल कर रख दी है।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ता निकालेगें मोटर साइकिल रैली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** युवा मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक कल केन्द्रीय कार्यालय में ली गई। सभी विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग मोटर साइकिल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अलग-अलग कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाएगें। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने-अपने मंडलों में चैपाल लगाने का काम भी किया जा रहा है। इसे जारी रखने कहा गया है। बैठक में भाजपा जिला महातंत्री संतोष देवांगन युवा मोर्चा संभागीय प्रभारी रितेश मोरिया, पंकज सोनी प्रीति स्वर्णकार, सुभाष राठौर, दिनेश तिवारी, उत्तम रणधावा, नरेन्द्र बिझंवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दर्री डेम में मिला शव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दर्री डेम में एक व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि कहा जा रहा है,कि मृतक जवाली का निवासी है। लेकिन सवाल ये है,कि वो जवाली से दर्री डेम कैसे पहुंचा। बीती रात सामने आई इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस यहां पहुंची, जांच की जा रही है।

### आबकारी विभाग ने की अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिले में आदर्श आचरण संहिता लगते ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफबड़ी कार्यवाही की गई है। घरघोड़ा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जितेश नायक को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सराईपाली थाना पूँजीपथरा के जंगल में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही आबकारी उपनिरीक्षक अपने दल के साथ ग्राम सराईपाली में जंगल पहाड़ ऊपर पहुँचे जहाँ दो चढ़ी भट्ठी मिली एवं तीन प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक में 10-10 लीटर भरा महुआ शराब एतीन प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक में 5-5 लीटर भरा महुआ शराब, एक प्लास्टिक डिब्बे में भरी 50 लीटर महुआ शराब कुल 95 लीटर महुआ शराब ग्यारह नीले रंग के प्लास्टिक डिब्बों में भरा प्रत्येक में 100-100 किलो महुआ लाहन (फर्मेंटेड वाश) कुल 1100 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। दल को आता देख आरोपी जंगल में भाग गये।

### पुलिस ने कार से जब्त किया 7 लाख 95 हजार रुपये नगद

**जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एफएसटी एसएसटी की टीम गठित की गई है। जो कि लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्यवाही के दौरान जिला पुलिस ने वाहन चेकिंग के लिए बनारी में लगाये गये प्वाइंट पर जांच के दौरान एक कार से एफएसटी की टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया है। जानकारी के अनुसार खोखरा गांव का रहने वाला अमित कुमार थवाईत कार से जा रहा था। जिसे रोककर पुछताछ की गई और उसकी गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसके पास से लाखो रूपये कैश मिला। कैश के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो कार चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज नहीं होने की बात कही गई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने नगद जब्त कर लिया तथा कैश जीएसटी विभाग को भेजा दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शिविर-स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सरस्वती शिक्षा मंदिर छत्तीसगढ़ नगर रायपुर में परीक्षा के दौरान बच्चों की परेशानी को देखते हुए ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें ओम नेत्र केंद्र से दो डॉक्टर सेवा कार्य में लगे हुए हैं, सभी छात्र-छात्राओं के साथ काफी लोग इसमें लाभान्वित हो रहे हैं साथ ही डॉक्टर शोभना तिवारी के द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा एवं दवाई वितरण का आयोजन भी किया गया है। नेत्र जांच के दौरान सभी बच्चों को ट्रस्ट के द्वारा फल वितरण भी किया गया। यह कार्यक्रम 19 और 20 मार्च तक दो दिन तक रहेगा। छत्तीसगढ़ नगर के अलावा दूर-दूर से लोग निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारी और विद्यालय की शिक्षक,शिक्षिकाएं सभी इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान में बरस रहा भक्ति रस, मीनाल जैन मंदिर में विशेष अनुष्ठान



**भोपाल (विश्व परिवार)।** अष्ठानिका पर्व के दौरान राज धानी के जिनालयो मैं विशेष, अनुष्ठान हों रहे हे। समाज के लोग भौतिक सुख सुविधाओं का त्याग कर विशेष नियम मे संकल्पित होकर भगवान सिद्ध की आराधना मे लीन हे श्री पार्श्वनाथ जिनालय सर्व धर्म मंदिर परिसर न्यू मिनाल रेसीडेंसी मे आज मूल नायक प्रभु पार्शनाथ का अभिशेक पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश जैन सचिव मुकेश जैन ने बताया समापन 25 मार्च को विश्व शांति महा यज्ञ के साथ होगा। जिनालय से शोभा यात्रा निकाली जाएगी रात्रि मे संगीत मय आरती के साथ सांस्कृतिक कार्य क्रम हों रहे है अनुष्ठान के प्रमुख पात्रप्रमुख पात्र श्रीपाल -मैनासुंदरी धर्मेंद्र भण्डारी-श्रीमती श्वेता भण्डारी सौधर्म इन्द् नवनीत गोधा-श्रीमती आशा गोधा कुबेर इन्द्र- इन्द्राणी कमलेश जैन-श्रीमती सुषमा जैन ईशान इन्द्र-इन्द्राणी पी.सी.जैन बाकलीवाल- श्रीमती सुशीला बाकलीवाल सनत इन्द्र-इन्द्राणी सुबोध जैन दिवाकर -श्रीमती मनीषा दिवाकर महेंद्र इन्द्र-इन्द्राणी अनिल कुमार जैन-श्रीमती सुनीता जैन महायज्ञ नायक चक्रेश जैन- श्रीमती मनीषा जैन ध्वजारोहणकर्ता एवं मंडप उदघाटनकर्ता सुमति जैन-श्रीमती इन्द्रा जैन द्रव्य पुण्यार्जक श्रीमती मिथिलेश जी जैन श्रीमती वर्षा जैन- शैलेष जी जैन विशेष इन्द्र ब्रह्म इन्द्र-इन्द्राणी सुरेंद्र जैन काला-श्रीमती सुधा जैन काला ब्रह्मेत्तर इन्द्र-इन्द्राणी शद्य विजेंद्र जैन-श्रीमती रजनी जैन लान्तव इन्द्र-इन्द्राणी पारस जैन-श्रीमती शशि जैन कापिस्ठ इन्द्र-इन्द्राणी राकेश कुमार जैन-श्रीमती मीना जैन शुक्र इन्द्र श्री मुकेश कुमार जैन-श्रीमती अल्पना जैन महाशुक्र इन्द्र-इन्द्राणी विजय कुमार जैन- श्रीमती रितु जैन सतार इन्द्र-इन्द्राणी सौरभ जैन भारिल्ल- श्रीमती अंकिता जैन भारिल्ल सहस्त्रार इन्द्र-इन्द्राणी एम.के.जैन-श्रीमती राजकुमारी जैन आनत इन्द्र-इन्द्राणी सुमत चंद जैन -श्रीमती राजेश जैन प्रानत इन्द्र-इन्द्राणी रविन्द्र जैन -श्रीमती सविता जैन आरण इन्द्र-इन्द्राणी डॉ. निर्मल जैन-श्रीमती शशि जैन अच्युत इन्द्र-इन्द्राणी डॉ. अशोक जैन-डॉ. सविता जैन द्वारा मंडल पर अर्ध समर्पित कर क्रियाएं की गई। -**अंशुल जेन**

### बच्चों के खाने में निकला मेंढ़क, एकलव्य आवासीय विद्यालय का मामला

**बलरामपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय में आदिवासी बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है. यहां मध्यान भोजन के समय अचार से मरा हुआ मेंढक मिला है. जानकारी के अनुसार, ये घटना रामानुजगंज स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की है. जहां मध्यान भोजन के समय बच्चे मिक्स अचार के डब्बे में से अचार निकलते हैं तो अचार की जगह पर डब्बे से मरा हुआ मेंढक निकलता है। इस मामले में एसडीएम रामानुजगंज देवेंद्र प्रधान ने कहा कि एक व्हाट्सएप वीडियो के माध्यम से मुझे जानकारी मिली है. इसमें जांच करा कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सड़कों को बचाने के लिए होलिका दहन स्थलों में मुरुम बिछाएगा नगर निगम

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर नगर निगम द्वारा होलिका दहन के दिन 25 मार्च तथा 26 मार्च को होली खेलने के दिन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। होलिका दहन स्थलों पर मुरुम बिछाने और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति रखने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि शहर के प्रस्तावित होलिका दहन स्थल पर मुरुम पहले से ही बिछा दिया जाए। इससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही होलिका समितियों को भी कहा जाए कि मुरुम के ऊपर ही होलिका जलाई जाए। इस कार्य के लिए मुरुम के साथ ही रेत का भी उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सिद्धचक्र विधान में पूजन द्वारा सिद्ध भगवान का गुणानुवाद किया जाता है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज




**पारसोला (विश्व परिवार)।** श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान आराधना महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन पारसोला में 17 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया गया है। सिद्ध चक्र मंडल विधान के तीसरे दिन 32 अर्ध्य चढ़ाए गए। प्रथम दिवस 8 अर्ध्य और दूसरे दिन 16 अर्ध्य समर्पित किए गए।पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने पूजन के दौरान चढ़ाए जाने वाले द्रव्य किस आशय से चढ़ाए जाते हैं उन गुणों बाबद सरल भाषा में बताया। जो सिद्ध भगवान का गुणागुवाद किया जाता है, उनकी प्रशंसा की जाती है उसकी विवेचना करते हुए बताया कि जो संसार के बंधनों से छूट गए हैं जिनमें अनंत दर्शन, अनंत ज्ञान, अनंत सुख और अनंत वीर्य प्रकट हो गए हैं, जो द्रव्य कर्म, भाव कर्म, और नौकर्म से सर्वथा रहित हो गए हैं उन्हें सिद्ध कहते हैं।

यह मंगल देशना पारसोला सम्मति भवन में आयोजित धर्म सभा में पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने प्रकट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया इंदौर अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि ऐसे अनंत सिद्ध परमात्मा लोक के अग्रभाग में विराजित हैं सिद्ध भगवान का समुदाय ही सिद्धचक्र कहलाता है। इस सिद्धचक्र विधान में सिद्ध दशा प्रकट करने का विधान अर्थात उपाय बताते हुए सिद्धों का गुणानुवाद किया गया है।ज्ञानी का परम लक्ष्य पूर्ण सुख प्रकट करना है अर्थ अत: उसके हृदय में पूर्ण सुखी अरिहंत और सिद्ध परमेष्ठी, तथा पूर्ण सुख के आराधक आचार्य, उपाध्याय साधु परमेष्ठि और पूर्ण सुख का मार्ग बताने वाली जिनवाणी के प्रति भक्ति भाव होना स्वाभाविक है। इसलिए सिद्ध भगवन के गुणानुवाद के माध्यम से अपने लक्ष्य के प्रति सतर्क रहते हुए अशुभ भावों से सहज बच जाते हैं। सिद्ध चक्र विधान से अनेक रोग शारीरिक रोग तो दूर होते ही हैं किंतु जन्म मरण का रोग भी दूर होता है आत्मा के रोग राग द्वेष विकारी भाव भी सिद्ध भगवान की आराधना से दूर होते हैं।

## सिद्ध क्षेत्र पावागिरी ऊन में वार्षिक मेला महामस्तकाभिषेक 29 व 30 मार्च को

### ज्योतिषविद मंत्र महर्षि धर्मयोगी क्षुल्लक योगभूषण महाराज सानिध्य में होगा



**ऊन पावागिरी (विश्व परिवार)।** मध्यप्रदेश के दिगम्बर जैन अतिशय सिद्ध क्षेत्र पावापुरी ऊन जो खरगोन से 18 किलोमीटर व हाइवे आगरा बॉम्बे रॉड जुलवानिया से 25 किलो मीटर पर स्थित है जो स्वर्णभद्र मणि भद्र गुण भद्र नील भद्र आदि मुनीराज की मोक्ष स्थली है। यहां की सतपुड़ा की पहाड़ी पर चमत्कारी श्री शांतिनाथ कुंथुनाथ व अरहनाथ की खड्गासन प्रतिमाएं है जो बहुत ही प्राचीन है जिस पर महामस्तकाभिषेक 29 व 30 मार्च को होगा।

तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष हेमचन्द झांझरी इन्दोर महामंत्री अशोक झांझरी भीकनगांव व मेले प्रभारी सुधीर जैन ने बताया कि 29 व 30 मार्च रँगपंचमी पर वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर व्यापक तैयारियां चल रही है पहाड़ी पर स्थित भव्य मंदिरों में विधुत दूधिया रोशनी की जा रही है स्वर्णभद्र गुण भद्र मणि भद्र नील भद्र आदि की चरणपादुका मन्दिर में व नीचे महावीर स्वामीजी के स्वर्ण मंदिर में भी जो कांच की नक्काशी की गई जो बिल्कुल निमाड़ का स्वर्ण मंदिर लग रहा है इस महोत्सव में मंडल विधान व मस्तकाभिषेक को ज्योतिषविद मंत्र महर्षि धर्मयोगी क्षुल्लक श्री105 योगभूषण जी महाराज सानिध्य प्रदान करेंगे। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

कमेटी के अतुल कासलीवाल प्रचार सयोजक आशीष लोनारा व मीडिया प्रभारी दीपक प्रधान ने बताया कि इस मेले में देश के विभिन्न राज्यो के व मध्यप्रदेश के मालवा व निमाड़ व पूर्वी निमाड़ के भारी संख्या में भक्तजन आएंगे।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## तीर्थ राज शिखर जी में ध्वजारोहण के साथ हुई सिद्धों की महा आराधना

### सिद्ध क्षेत्र और सिद्धचक्र महा मंडल में सिद्धों की आराधना मंणिकांचन संयोग हैं : विजय धुर्रा

### राजेन्द्र कुमार हुकम काका हरसौरा परिवार ने किया ध्वजारोहण



**मधुवन शिखर जी (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी में श्रावण श्रेष्ठी राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हुकम जी काका हरसौरा परिवार कोटा के पुण्यर्जन में फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में अंष्ठानिका महापर्व पर श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ आज ध्वजारोहण के साथ हुआ ध्वजारोहण चांद खेड़ी कमेटी के संरक्षण राजेन्द्र हरसौरा भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के निवृत्त मान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्यध्यक्ष हुकम काका कोटा मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा कांग्रेस नेता अशोक खादी सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया।

समारोह के प्रारंभ में शाश्वत भवन से घटयात्रा का शुभारंभ हुआ जो गुणायतन शीतलधाम पावनधाम चंद्र प्रभु धाम भोमिया जी आदि नाथ पाषाण जिनालय होते हुए तेरहपंथी कोठी चंद्र प्रभु वांग होते हुए आचार्य श्री विद्यासागर सभागार परिसर पहुंच कर धर्म सभा में वदल गई जहां पंडित सुनील शास्त्री के मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक ध्वजारोहण पुण्यर्जक परिवार द्वारा किया गया इसके साथ ही शोभा यात्रा के रूप में श्री जी को आचार्य श्री विद्यासागर सभागार में विशेष सिंहासन पर विराजमान किया गया।

**अंष्ठानिका महापर्व में मंडल बनाकर महा आराधना का विशेष महत्व हैं :** इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के निवृत्त मान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुकम काका चांद खेड़ी कमेटी के संरक्षण राजेन्द्र कुमार पदम कुमार हरसौरा कोटा परिवार को आज पांडूकशिला परश्री जी विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कल से सभी को मौका मिलेगा अंष्ठानिका महापर्व में मंडल बनाकर प्रभु की आराधना का विशेष महत्व होता है सिद्ध क्षेत्र और सिद्धचक्र महा मंडल वह भी सिद्ध भूमि पर ये मंणिकांचन संयोग है इसका सभी को लाभ लेना है समारोह में धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक लम्बी लिस्ट को हम प्रदीप जी के माध्यम से पूरा करेंगे।

**सभी बातों को भूलकर तीर्थ क्षेत्र का आंनद लें :** इस दौरान चांद खेड़ी कमेटी के अध्यक्ष हुकम काका ने कहा कि आज से ही आपको सभी बातों को भूलकर तीर्थ राज सम्मेदशिखर कीतलहटी में हो रहे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आनंद लेना है यदि आप आनंद लेना चाहें तो पूजन अभिषेक में भी आनंद आयेगा मनोरंजन के साथ मन रंजन करने का सभी मन बना लें।

**मंडल पर की अष्ट मंगल के साथ की कलशों कीस्थापना :** इसके बाद इन्द्र प्रतिष्ठा सकलीकरण मंडल शुद्धि पात्रशुद्धि पात्र के साथ ही मंडल पर शान्ति कलश की स्थापना श्रीमति आशा राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हुकम हरसौरा परिवार द्वारा की गई इसके साथ ही मंडल पर अष्टम प्रातिहार्य की स्थापना रानी जम्मू जैन सराफा श्रीमति कविता संजय दुगेरिया श्रीमति रीना विजय धुर्रा उषा अशोक खादी श्रीमति सालूअनुराग श्री मति प्रगति रितुराज कोटा श्रीमति साक्षी प्रतीक हरसौरा श्रीमति वैशाली जैन सहित अन्य भक्तों ने किया।

**जगत कल्याण की कामना के लिए की महा शान्ति धारा :** इस दौरान तीर्थ राज सम्मेदशिखर जी तलहटी में तेरह पंथी कोठी में विराजमान मूलनायक भगवान श्री पुष्पदंत स्वामी के दरवार में उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी महाराज के श्री मुख से जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करने का सौभाग्य सौधर्म इन्द्र वनकर श्रावक श्रेष्ठी मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा पीयूष कुमार आदित्य कुमार धुर्रा अशोक नगर के साथ ही संजय दुगेरिया अनुराग जैन अशोक खादी अशोक जैन वारा ने भी को प्राप्त हुआ। -**विजय धुर्रा**

## पुण्य उदय होते हैं तब आप सिद्ध चक्र महामण्डल विधान का हिस्सा बन पाते हैं : मुनिश्री आदित्यसागर जी मुनिराज



**कोटा (विश्व परिवार)।** मंदिर अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि शाश्वत अष्टान्हिका महापर्व के तहत सिद्धशिला पर विराजमान सिद्ध परमेष्ठी के बत्तीस गुणों की पूजा अर्घ समर्पित कर मंगलवार को सम्पन्न की गई। जिसमें उनके अनन्त दर्शन, ज्ञान अवगाहनत्व, अनंत वीर्यत्व, अव्याधत्व आदि अनंत गुणों से युक्त सिद्धस्वरूप को नमस्कार किया गया।

प्रतिष्ठाचार्य डॉ.अभिषेक जैन ने सम्पूर्ण अनुष्ठान संगीतमय कराकर भक्तिभाव से नाचकर विधान से इंद्र-इंद्राणियों को जोडा। उन्होंने सिद्ध परमेष्ठी के गुण धर्म की आध्यात्मिक शास्त्रीय विवेचना की। मंगलवार को सिद्ध परमेष्ठी की 32 गुणों युक्त आराधना प्रात 7 बजे जिनाभिषेक शान्तिधारा, नित्यमहपूजन जन, नंदीश्वर पूजन व सिद्धचकृविधान सम्पन्न किये गए। संगीतकार सौरभ सिद्धार्थ ने वाद्य यंत्रों पर साथ दिया। मंगलवार को राजमल पाटौदी, अर्पित जैन, ज्ञानचंद जैन, विनोद टोरडी, संजय जैन, राहुल जैन, विमल जैन सहित सैकड़ों की संख्या में जैन समुदाय के लिए विशुद्ध ज्ञान ग्रीष्मकालीन वाचन में उपस्थित रहे। महामंत्री अनुज जैन ने बताया कि मंगलवार को महाआरती का पुण्य विनोद जैन को प्राप्त हुआ।

चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज ससंघ ने अपने प्रवचन में कहा कि संचित पुण्य के फल से ही आप महामण्डल विधान का हिस्सा बन पाते है। सिद्धचक्र में पुण्य जितना अधिक होगा वह उतना ही हिस्सा बन पाएगे। जिसके पास पुण्य है उसके पास सबकुछ है, पुण्य नहीं हो तो आपके पास कुछ नहीं बचता। उन्होने उदाहरण स्वरूप कहा कि पुर्णिमा पर चांद पूजा जाता है उसके पुण्य सर्वोत्तम होते है अगले दिन जब पुण्य घटते है तो कोई उसकी पूजा नहीं करता है। मुनि आदित्य सागर जी ने जीवन में धैर्य रखने, संतोष रखने की सलाह भी दी। उन्होने जीवन में बैर, घृणा, ईर्ष्या नहीं पालने की सलाह देते हुए कहा कि इससे कृष्ण लेश्या बनती है, जिससे हमें बचना है। उन्हे सलाह देते हुए कहा कि दूसरों के अपराध व गलती के लिए हमें अपनी लेश्या को नहीं बिगाड़ना चाहिए।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## एनआईटी रायपुर में मोटोस्पोर्ट्स क्लब ने आयोजित किया इंटरएक्टिव सत्र




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में 18 मार्च 2024 को मोटोस्पोर्ट्स क्लब के इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन फैकल्टी इंचार्ज डॉ. शैलेश वैद्य की देखरेख में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मोटोस्पोर्ट्स टीम ने इस क्षेत्र में उत्सुक छात्रों का मार्गदर्शन किया और मोटोस्पोर्ट्स के विभिन्न भागों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एविएशन क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. एन वी स्वामी नायडू भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरंभ डॉ. वैद्य और डॉ. नायडू द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ एवं पौधा भेंट कर कार्यक्रम में उनका स्वागत किया गया। क्लब के सदस्यों ने एक एक कर मोटोस्पोर्ट्स के कार्यक्षेत्रों जैसे ब्रेक, स्टीयरिंग, सस्पेंशन सिस्टम, फ्रेम्स, इलेक्ट्रिकल पावरट्रेन आदि के बारे में 3डी मॉडल्स की सहायता से समझाया। डॉ. नायडू ने पावरट्रेन पर विचार विमर्श को आगे बढ़ाते हुए उनके प्रकारों, एयरोडायनामिक एनालिसिस, आर सी प्लेन के विकास और वर्तमान व्हीकल्स को दोहरे इंजन के आधार पर विकसित करने जैसी चुनौतियों के बारे में चर्चा की। एनआईटी रायपुर का मोटोस्पोर्ट्स क्लब छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए उन्हें एक साथ आने, नवाचार करने और ऑटोमोटिव डिजाइन में एक दूसरे के सहयोग से अपने इंजीनियरिंग कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत मंच के रूप में कार्य करता है। क्लब यह सुनिश्चित करता है कि उसके सदस्य नए तरीकों और प्रौद्योगिकियों से अवगत रहें, जिससे क्लब फॉर्मूला भारत, एसएई ई बहा आदि जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित करने जैसी सराहनीय उपलब्धियां हासिल हो सकें। क्लब ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे फॉर्मूला भारत में भाग ली हुई 34 टीमों में से 17वां स्थान हासिल किया और ई बहा में सारे तकनीकी सत्रों को पार कर 100 से ज्यादा टीमों में से 55वां स्थान हासिल किया।

## शिवाजी महाराज ने समाज को दिया था स्त्री सम्मान का संदेश

### महाराष्ट्र मंडल में छत्रपति शिवाजी की महाआरती में बड़ी संख्या में जुटे लोग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता को सती न होने से मनाकर समाज को स्त्री सम्मान का संदेश दिया था। इससे पहले भी शिवाजी महाराज जब मुगल शासक से युद्ध जीत कर लौटे तो उनके सैनिकों ने पराजित शासक की बेगम को उनके सामने बंदी बनाकर प्रस्तुत किया। उस समय भी शिवाजी ने न केवल अपने सैनिकों को इस नीच हरकत के लिए चेतावनी भरी फटकार लगाई, बल्कि बंदी बनाकर लाई गई बेगम से उन्होंने क्षमा भी मांगी। उसे उन्होंने अपनी मां का दर्जा देकर सुरक्षा प्रदान की।छत्रपति शिवाजी की नजर में कोई भी परस्त्री उनकी मां होती थी। महाराष्ट्र मंडल में मंगलवार की शाम को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती के बाद इस आशय के विचार महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर ने व्यक्त किए।

निमोणकर ने आज अपने उद्बोधन के दौरान शिवाजी महाराज के युद्ध कौशल, नेतृत्व कौशल, रणनीति कला में हथियारों को चलाने में पारंगत जैसे विभिन्न विषयों को छुआ तक नहीं क्योंकि यह तो सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज में व्यक्तित्व पहचानने की अद्भुत क्षमता थी। वे लोकप्रिय शासक थे, बल्कि अपनी प्रजा की कृषि उपज की सुरक्षा को भी उन्होंने सर्वोपरि माना और सभी किसानों को उनकी खेतीहर भूमि का स्वामित्व प्रदान किया। उन्होंने हिंदू धर्म में समुद्री यात्रा के वर्जित होने की अवधारणा से समाज को न केवल मुक्ति दिलाई, बल्कि भारत देश की पहली नौसेना का गठन भी किया।

प्रसन्न निमोणकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने अमावस्या को अशुभ माने जाने वाली सोच को गलत सिद्ध कर दिया। उन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ सभी हमले अमावस्या की काली अंधेरी रात को किया और हर बार जीत कर लौटे। शिवाजी महाराज अत्यंत कुशल अभियंता थे। जिन्होंने 300 से अधिक किले बनवाए, जो दुर्लभ पहाड़ियों पर आज भी मौजूद हैं। गौर करने की बात यह है कि शिवाजी महाराज ने ये किले उस समय बनवाए गए जब किसी भी प्रकार का निर्माण संयंत्र उपलब्ध नहीं था।

इससे पहले महाराष्ट्र मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की गई। इस मौके पर अध्यक्ष अजय काले, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले और वरिष्ठ आजीवन सभासद विजय निमोणकर ने शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और गुलाल का टीका लगाया।

महाआरती में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी निरंजन पंडित, वरिष्ठ आजीवन सभासद दिलीप लांबे, अतुल गद्रे, युवा समिति के प्रमुख विनोद राखुंडे, शचिंद्र देशमुख, सुचिता देशमुख, रितेश बाबर, रीना बाबर, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी सहित कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी और अनेक आजीवन सभासद उपस्थित रहे।

## भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक पर पहला नारा यही लगाएं, जैन हैं तो जैन लिखाएं



**कामां (विश्व परिवार)।** समस्त अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी गण व श्रावक श्रेष्ठिगण सादर जय जिनेन्द्र। आप सभी को आगामी 3 अप्रैल को आने वाले देवाधिदेव भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याणक की बहुत बहुत शुभकामनाएं/ बधाई। एक छोटा सा निवेदन आप सभी से की भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक पर आप एक छोटा सा नियम ले कि हम सब अपने नाम के साथ जैन शब्द आवश्यक रूप से लगाएंगे। आओ भगवान आदिनाथ के अनुयायी हो तो अपनी पहचान मत छुपाओ। पहला नारा यही लगाए, जैन हैं तो जैन लिखाएं।

दिगम्बर, स्वेताम्बर, स्थानक, मूर्तिपूजक या किसी भी जैन पंथ से हो, हम सब है तो भगवान आदिनाथ के अनुयायी ही, यदि हमें अपनी शक्ति का अहसास कराना है। तो एक सूत्र में बंध कर तो रहना ही होगा साथ ही अपनी पहचान जो जैन शब्द से है सभी को अपने नाम के साथ लगाकर करानी होगी। समय की मांग और वर्तमान की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक अभियान चलाया जाए जैन है तो जैन लिखाएं वास्तविक रूप से देखा जाए तो जैन अनुयायियों की संख्या जनगणना के अनुसार कम है लेकिन वास्तव में अधिक है और उसका मुख्य कारण जनगणना के समय धर्म के कॉलम में जैन न लिखाना।जनगणना के कॉलम में तो जैन लिखाना ही है लेकिन अपने नाम के पीछे भी जैन शब्द लिखना बहुत आवश्यक है जिससे की पहचान हो सके कि हम जैन हैं हम अपने नाम के पीछे जैन न लगाकर अपना गोत्र लगाते हैं जिससे यह पता ही नहीं चल पाता है कि हम जैन है या नहीं है। अत: निवेदन यह है कि एक मुहिम चलाकर यह जागरण किया जाए कि जब भी हमारे बच्चों का प्रथम प्रवेश विद्यालय में कराया जाए तो उस समय उनके नाम के पीछे गोत्र ना लगाकर जैन शब्द का उपयोग किया जाए। जब भी हम अपने नाम का उपयोग करें तो गोत्र से पहले जैन लगाएं। यदि यह संभव होता है तो हमारे संस्कार भी जीवित रहेंगे और हमारी संख्या भी सामने आ सकेगी। -**संजय जैन बड़जात्या**

www.vishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@yahoo.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप कोर कमेटी की बैठक

**सुकमा(विश्व परिवार)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री लक्ष्मण तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गई। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाने की बात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री लक्ष्मण तिवारी ने आयोजित स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कही। बैठक में मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजनाओं पर चर्चा कि गई। श्री तिवारी ने लक्षित समूहों पर आधारित ग्राम पंचायत स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### तालाब में डूबकर हुई युवक मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद(विश्व परिवार)।** जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के चिखली गांव में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि तालाब में नहाने के दौरान युवक की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, मृतक दशरथ यादव उम्र 35 वर्ष गायों को चराने का काम करता था और शुक्रवार को तालाब में नहाने गया था. जहां नहाने के दौरान मिर्गी आई और वह तालाब में डूबकर मर गया. देर रात पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. अधिक रात होने के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो सका. इस वजह से शव मरच्यूरी में रखवाकर पुलिस जांच में जुट गई है.

### दिनदहाड़े युवती की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राजिम के फिंगेश्वर के ग्राम बासीन में एक युवक ने दिनदहाड़े युवती की हत्या कर दी। युवक ने तलवार नुमा हथियार स युवती पर ताबड़तोड़ वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर के ग्राम सिर्रीखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र में सीएचओ के पद पर पदस्थ युवती अराधना साहू एक युवक के साथ स्कूटर पर जा रही थी इसी दौरान बासीन के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और लड़का मारपीट करने लगा जिससे डरकर युवती जान बचाने बासीन में एक ग्रामीण के घर में घुई गई और युवक भी उसके पीछे-पीछे घर में घूस गया और तलवार नुमा हथियार से युवती पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया है और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इधर हत्या कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने गांव से 2 किलोमीटर दूर एक खेत में घेराबंदी कर पकड़ा इस दौरान पुलिस भी पहुंच चुकी थी। आरोपी का युवक श्याम साहू पिता पुनाराम साहू उम्र 26वर्ष शीतला पारा नयापारा निवासी है। वहीं मृतक युवती की पहचान आराधना साहू निवासी मठ पुरैना रायपुर के रूप में हुई है जो कि फिंगेश्वर के ग्राम सिर्रीखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र में सीएचओ के पद पर पदस्थ थी। फिलहाल फिंगेश्वर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसडीएम वासु जैन ने बरमकेला में पकड़ा सामूहिक नकल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर एसडीएम सारंगढ़ श्री वासु जैन ने बरमकेला के परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने पाया कि बच्चों द्वारा सामूहिक नकल किया जा रहा है। एसडीएम द्वारा केंद्राध्यक्ष से इस संबंध स्पष्टीकरण पूछा गया तो सटीक जवाब नहीं दिया गया। एसडीएम ने अपने रिपोर्ट में लिखा है कि निरीक्षण के दौरान 35 ऐसे नकल मेरे द्वारा (एसडीएम) बच्चों से प्राप्त किए गए नकल के लगभग सभी पर्चीयां एक समान थे। साथ ही एक हेडफोन बरामद किए गए, जिससे यह प्रतीत होता है कि केंद्राध्यक्ष इस कृत्य में शामिल थे। ऐसी स्थिति में केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक के विरुद्ध कार्रवाई और परीक्षा को खारिज करने के लिए एसडीएम ने अनुशंसा किया है।

# अव्यवस्थित पार्किंग से बिगड़ रही व्यवस्था

**सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।**



**सक्ती(विश्व परिवार)।** जिला बनने के बाद शहर में आए दिन नए राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं खुल रही है। इससे लोगों को सुविधाएं तो मिल रही है मगर यह परेशानी का सबब भी बन रहा है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक बैंकों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन को खड़ा कर देते हैं जिससे सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। नगरवासियों ने बिना पार्किंग की सुविधा के बैंकों की शाखा खोलने की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है। शहर के प्रमुख मार्गों में बैंकों की शाखाएं खुल रही है। मगर जिन स्थानों में शाखाएं खुल रही है वहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर के बाराद्वार रोड में पेट्रोल पंप के पास तीन बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक एवं एक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक संचालित है। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बडौदा संचालित है। वहीं एक नए बैंक का शुभारंभ 13 मार्च को हुआ है। इन तीनों बैंकों के सामने छोटे-बड़ेखड़े वाहनों के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। शहर अब जिला बन चुका है एवं कलेक्टर एसपी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं। मगर इस अव्यवस्था के तरफ उनका ध्यान नहीं जाता है। पुलिस के अधिकारी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक कर पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने की बात बस कहते हैं और कोई पहल नहीं करते हैं। प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 5 बजे तक इन बैंकों के सामने बाइक को इस तरह अव्यवस्थित तरीके से खड़ी कर दिया जाता है कि पैदल चलकर बैंक में प्रवेश करना टेढी खीर होता है। नगरवासियों ने मांग की है कि बिना पार्किंग व्यवस्था के बैंक की शाखा खोलने की अनुमति न दी जाए। बैंक खोलने के लिए जो भी शासकीय प्रक्रियाएं होती है उसमें सर्वप्रथम पार्किंग की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए तभी इन बैंकों कोखोलने की अनुमति मिले। न तो बैंकों के सामने कोई पार्किंग की व्यवस्था है, ना ही कोई निजी पार्किंग की सुविधा है। जिसके कारण बैंकों में आने वाले ग्राहक सड़क पर ही अपनी वाहन को खडा कर देते हैं। विगत दिनों यातायात प्रभारी ने बैंकोंके शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर सख्त हिदायत दी थी, किंतु पुलिस की यह हिदायत कोई काम नहीं आ रही है। ऐसे में पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से करें निर्वहन - कलेक्टर

**कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों की ली बैठक**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों अधिकारियों की सोमवार को बैठक ली। कलेक्टर श्री श्री हरिस. एस ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालय में शासकीय कैलेण्डर, ऑफिसियल वेबसाईट से जनप्रतिनधियों के फोटोग्राफ्स हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडन्दस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी एवं नाश्ता व भोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान डीजे प्रतिबंधित रहेगा। राजनीतिक दलों को प्रचार-प्रसार करने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र, रैली, आमसभा को अनुमति एक महत्वपूर्ण कार्य होगा, इसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## पानी की एक एक बूंद को तरस रहे है गांव के 350 परिवार के लोग

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में पहाड़ों के ऊपर जनजाति बसाहट वाले ग्राम पंचायत आमामोरा और ओड में 20 से ज्यादा हैंडपंप मौजूद हैं, लेकिन सभी में लाल पानी यानी आयरन युक्त पानी निकलता है. इसलिए इन स्त्रोतों के पानी का उपयोग कभी पीने के लिए नहीं किया जाता. पंचायत मुख्यालय और उनके 5 आश्रित ग्रामों में झेरिया खोदा गया है,इसी झेरिया से ग्रामीण सालभर पीने के लिए पानी का इस्तेमाल करते हैं। ओड के सरपंच रामसिंह सोरी कहते हैं कि वर्तमान में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों में नल का कनेक्शन भी लगाया गया है, पानी टंकी और पाइप लाइन का काम जारी है,इस योजना के तहत पुराने आयरन युक्त पानी स्त्रोत को कनेक्ट कर घर-घर पानी देने की तैयारी किया जा रही है, लेकिन इस पानी को कोई नही पी सकेगा,सरपंच ने कहा कि पहाड़ों में बसे ग्राम के सभी जल स्त्रोत में आयरन होने की जानकारी प्रशासन को है, बार बार रिमूवल प्लांट लगाने की तक मांग की जा चुकी है, लेकिन इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया है। हथौड़ा डिह का कमार परिवार गांव से आधा किमी दूर पहाड़ के नजदीक खोदे गए गहरे झेरिया से पानी लाता हैं,बुजुर्ग चित्रलेखा कमार 3 फिट गहरे झेरिया से पीने के पानी ले जा रही है। ग्रामीण भगवान यादव ने बताया कि स्टील के बर्तन में तीन घंटे से अधिक समय तक पानी रखा गया तो बर्तन लाल हो जाता है. आयरन से कई पंप के पाइप सड़ चुके हैं,प्लास्टिक काली टंकी में तक आयरन अपनी छाप छोड़ जाता है,नहाने पर साबुन नहीं घुलता, सर धोने से बाल चिपचिपा जाता है,यहां का पानी किसी काम का नहीं है, यही हाल आमामोरा का भी बताया गया.

## अवैध परिवहन एवं उत्खनन मामले में 6 वाहन व 2 चेनमाउंटेन मशीन जप्त

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग, राजस्व तथा पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से केराकछार, करमंदा, बलौदा और बोरसी क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। इस दौरान 6 वाहन व 2 चेनमाउंटेन मशीन जप्त किया गया है। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में बम्हनीडीह क्षेत्र अंतर्गत रेत खदान बोरसी में नियमों के अनियमितता पाए जाने के कारण 02 चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया है तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है, इसके अतिरिक्त जिले में अवैध परिवहन करने वाले केराकछार क्षेत्र से खनिज रेत के 03 प्रकरण, करमंदा क्षेत्र से 02 प्रकरण तथा बलौदा क्षेत्र 01 के प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 06 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया कर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सभी मामलों में अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में जिले के 4 हजार नव साक्षरों ने महापरीक्षा अभियान में लिया हिस्सा

**नव साक्षरों ने साक्षरता कार्यक्रम के प्रति दिखाया जागरूकता एवं उत्साह**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष ज़िला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री हरिस एस. के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्री लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बीते 17 मार्च 2024 दिन रविवार को जिला सुकमा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा के लिये 3 घण्टे का समय दिया गया था। इस परीक्षा हेतु ऐसे शिक्षार्थियों का चिन्हांकन किया गया था जो पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत आयोजित महापरीक्षा में शामिल हुए थे और जिनका प्रमाणीकरण नहीं हुआ था। शिक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार समय पर परीक्षा केन्द्र में आकर परीक्षा देने की सुविधा दी गई थी। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का मूल्यांकन परीक्षा हेतु सुकमा जिले में 218 परीक्षा केन्द्र बनाए गये थे, उक्त महापरीक्षा में 4000 से अधिक नव साक्षरों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस परीक्षा के सफलतापूर्वक संपादन के लिए जिला, विकासखंड और संकुल स्तरीय मॉनिटरिंग टीम गठित की गई थी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, जिला परियोजना अधिकारी एसएस चौहान, डाइट प्राचार्य शैलेश सिंह जिला स्तरीय टीम एवं समस्त संकुल समन्वयक के द्वारा ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग किया गया। महापरीक्षा आयोजन हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी भी नियुक्त किया गया था जिनके द्वारा समय समय पर परीक्षा केन्द्रों से संपर्क स्थापित कर मॉनिटरिंग किया जा रहा था। परीक्षा केन्द्रों के सफल आयोजन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम प्रभारियों ने महत्वपूर्ण और सक्रिय योगदान दिया।

# देर रात घूमने व मोबाइल को लेकर हुए विवाद पर बड़े भाई ने की छोटे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** देर रात में घर से घूमने जाने व मोबाइल को लेकर उपजे विवाद पर बड़े भाई ने छोटे भाई की मोबाइल चार्जर तार से गला घोंट कर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना पाली थाना अंतर्गत ग्राम बसीबार उपरपारा की है। यहां निवासरत अमन कुमार 18 वर्ष 14 मार्च की रात 11 बजे घर से निकला था, दूसरे दिन 15 मार्च को सुबह सात बजे उसका शव पड़ोस में निवासरत दिलीप कुमार यादव के बाड़ी में पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर मौके में जाकर सूचक खेम सिंह यादव 70 साल निवासी बसीबार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मर्ग कायम कर स्थल पर पहुंची और पंचनामा पंचनामा कार्रवाई की। इस दौरान अमन की मृत्यु संदेहास्पद होने पर व गले में रस्सी जैसे काला निशान पुलिस को दिखाई दिया। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली भेज दिया। साथ ही मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को डाक्टरों ने शार्ट पीएम रिपोर्ट दी। इसमें अमन कुमार का मृत्यु गला दबाने व दम घुटने की जानकारी दी गई। पुलिस ने प्रथम दृष्टया में हत्या का मामला मानते हुए धारा 302 के तहत अज्ञात आरोपित के विरूद्ध अपराध दर्ज किया और विवेचना शुरू की। पाली थाना प्रभारी ने मामले की जांच करने टीम गठित की। साथ ही एफएसएल प्रभारी डा सत्यजीत कोसरिया मौका घटना स्थल जाकर घटना स्थल निरीक्षण किया। पुलिस को घर के सदस्यों पर ही संदेह हुआ। इस पर पुलिस ने मृतक के स्वजनों से पूछताछ शुरू की। मृतक का बडे भाई अभिषेक यादव 21 साल से पूछताछ की गई, तो वह पहले अनजान बनते रहा, पर बाद में टूट गया। उसने पुलिस को बताया कि 14-15 मार्च की रात 11 बजे अमन और वह दोनों शराब पिए हुए थे। अभिषेक शादी प्रोग्राम से घर आ रहा था तब घर के सामने गली से अमन बाहर जा रहा था। देर रात बाहर घूमने जाने के संबध में दोनों भाई के मध्य विवाद हो गया।

## कलेक्टर ने सुदूर वनांचल के ग्राम कुमुड़कट्टा के ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री सूरजनराम भगत ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुमुड़कट्टा में पहुँचकर ग्रामीणों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं मतदाता एवं ग्रामीणों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरजनराम भगत ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए सभी मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 20 मार्च 2024

## माननीयों के शासकीय विश्रामगृह में रुकने पर लगी पाबंदी

**रायपुर (विसं)।** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम की घोषणा पश्चात जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल द्वारा आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति तक कोई भी राजनीतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि, शासकीय अथवा अर्ध शासकीय विश्राम गृह/उच्च विश्राम गृह आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनीतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते है और न ही वहां पर राजनीतिक गतिविधियां कर सकेंगे।



# अष्टानिका पर्व के तीसरे दिन बड़ा मंदिर में सिद्धचक्र महामंडल विधान में श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ की पूजा कर 64 अर्घ्य चढ़ाए





### सिद्धचक्र विधान के प्रत्येक मंत्र में अनंत शक्तियां छुपी होती है : ब्रमचारी विजय भईया गुणायतन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अष्टानिका पर्व के तीसरे दिन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड रायपुर में चल रहे 8 दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ में आज श्रद्धालुओं ने प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान की पूजा की गई बड़े मंदिर के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया की आज श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का गर्म प्रासुक जल द्वारा स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया। आज की रिद्धि सिद्धि प्रदाता शांतिधारा का सौभाग्य विजय जैन, सुरेश मोदी, कीर्ति जैन, प्रवीण जैन कबीर नगर, कुमुद अनुराग जैन को प्राप्त हुआ आज के धार्मिक अनुष्ठान विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन के निर्देशन में इंद्रगणों द्वारा मंडल में उपस्थित होकर किया साथ ही संगीतकार म्यूजिकल ग्रुप के मधुर भजनों को विशेष रूप से सराहा गया। इंद्र-इंद्राणियों ने धार्मिक भजनों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। विधान के तीसरे दिन नित्य नियम पूजन में श्री देव शास्त्र गुरु पूजन नंदीश्वरनदीप पूजन कर भगवान की आरती की गई विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया द्वारा विधि विधान से श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजन कराई गई। सौधर्म इंद्र इंद्राणी प्रमुख पात्रों द्वारा महामंडल पर आज 64 अर्ध समर्पित किए गए। ब्रह्मचारी विजय भईया ने आज अपने वक्तव्य में बताया की श्री सीधचक्र महामंडल विधान विश्व शांति महायज्ञ के मंत्रों में अनंत चमत्कारिक शक्तियां छुपी होती है मैनासुंदरी द्वारा अपने पति श्री पाल के साथ 700 लोगो के असाध्य रोगों का निवारण इसी सिद्ध चक्र महामंडल विधान अनुष्ठान कर किया था उन्होंने ये भी बताया की वर्तमान में छत्तीसगढ़ की पावन धरा डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ स्थल पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की उत्कृष्ठ सालेखना समाधि हुई है और उसके पूर्व तिल्दा में भव्य जिनालय का पंचकल्याणक करने के बाद आचार्य श्री सड़क मार्ग से सीधे राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में 2 दिन प्रवास कर नवीन जिनालय हेतु मंगल आशीर्वाद आप सभी रायपुर के दिगम्बर जैन समाज के लोगो को दिया जो की परम सौभाग्य की बात है आप सभी समाज के धर्म प्रेमी बंधु एवं समाज के सदस्य नवीन जिनालय जिसकी नीव एवं मंगल आशीर्वाद आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से आप सभी को प्राप्त हुआ है उसे शीघ्र अति शीघ्र पूरा करना आप सभी का परम कर्त्तव्य है। **-प्रणीत जैन**

# निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों का 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' के माध्यम से होगा त्वरित निराकरण

### विभागीय नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त निर्वाचन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव ने आज प्रशिक्षण आयोजित कर विभागीय नोडल अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। %कंप्लेंट मॉनिटरिंग साफ्टवेयर% के माध्यम से निर्वाचन संबंधी शिकायतों के प्रभावी निराकरण के संबंध में आईटी विभाग के अधिकारियों ने नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

बैठक में एनआईसी से श्री असीम थवाईत ने जानकारी दी कि निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' (सीएमएस) तैयार किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को डिजिटाइज्ड शिकायत भेजकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाता है।

विभागीय नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि निर्वाचन के दौरान विभिन्न माध्यमों से मैन्युअली प्राप्त शिकायतों को डिजिटाइज्ड किया जाएगा। साथ ही सी-विजिल अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी प्रिन्ट निकालकर डिजिटाइज्ड कर संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रेषित किया जाएगा। नोडल अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में त्वरित निराकरण करेंगे और इसकी जानकारी तत्काल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को देंगे। प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए अधिसूचना 20 मार्च को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। श्रीमती कंगाले ने बताया कि प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है । बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए 4 सहायक मतदान केंद्र सहित कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। प्रथम चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक दाखिल कर सकते हैं।

## राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों द्वारा दो करोड़ रुपए से अधिक की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से अब तक दो करोड़ रुपए से अधिक की अवैध धनराशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 19 मार्च तक 47 लाख 55 हजार रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई हैं। इस दौरान 3896 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत आठ लाख 87 हजार रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 73 लाख 17 हजार रुपए कीमत के 195 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 51 लाख 90 हजार रुपए कीमत के 840 ग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त 21 लाख 71 हजार रुपए से अधिक की अन्य सामग्री जब्त की गई हैं।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1720 बच्चों का स्वर्णप्राशन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज 1720 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है।

महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235 और 21 फरवरी को 1402 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।



# प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने किया छुहिया तालाब का निरीक्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने टिकरापारा के समीप लगभग दो एकड़ क्षेत्र में बनें छुहिया तालाब में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीन दशक पुराने इस तालाब का कायाकल्प रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कर रहा है। उन्होंने अंतिम चरण के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रभारी इंजीनियर एवं कार्य एजेंसी को दिए है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के छुहिया तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने एवं इसके कायाकल्प की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक मीटर चौड़ाई के नालियों का निर्माण कर तालाब में पहुंचने वाले प्रदूषित जल को डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई है। तालाब गहरीकरण के साथ ही टो-वॉल पीचिंग व आने जाने वालों की सुविधा हेतु पाथवे और रोशनी व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरूषों के उपयोग हेतु पृथक-पृथक प्रसाधन कक्ष भी यहां तैयार किए जा रहे है।

प्रबंध संचालक श्री मिश्रा ने निरीक्षण भ्रमण के दौरान तालाब के प्रभारी इंजीनियर श्री अमित मिश्रा को शेष बचे कार्य अप्रैल माह तक पूरे कर लेने के निर्देश दिए है।

# एम्स में अब पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएच की सेवाएं

### छत्तीसगढ़ के 30 हजार से अधिक सैनिकों और उनके परिजनों को होगा लाभ

### पूर्व सैनिकों को केशलैस और केपलैस चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के मध्य मैमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट किया गया है जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नौ हजार से अधिक सैनिकों और उनके 21 हजार से अधिक परिजनों को केशलैस और केपलैस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। अब भूतपूर्व सैनिकों को एम्स में बिना किसी खर्च के इमरजेंसी सेवाओं सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

एमओए हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टि जनरल पदम सिंह शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत क्षेत्र ने एम्स रायपुर को ईसीएचएस में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि इसके माध्यम से 30 हजार से अधिक सैनिकों और उनके परिजनों को छत्तीसगढ़ में अब अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि एम्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। अब इसका चिकित्सक समुदाय अपनी सेवा भावना से पूर्व सैनिकों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। कार्यपालक निदेशक लेफ्टि जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि एम्स में सभी पूर्व सैनिकों को सेवा भावना के साथ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने ईसीएचएस और सेना अधिकारियों को एमओए के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि अब पूर्व सैनिकों को इमरजेंसी सहित सभी प्रकार की केशलैस चिकित्सा सुविधाएं एम्स में ही मिल सकेंगी।

ईसीएचएस के उप-प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह ने कहा कि ईसीएचएस अप्रैल 2003 में प्रारंभ की गई थी। उस समय इसके लाभार्थियों की संख्या 3.5 लाख थी जो अब बढ़कर 60 लाख हो गई है। वर्तमान में पूर्व सैनिकों को इस योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों को चिकित्सा सेवाओं की काफी आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एम्स का ईसीएचएच के साथ जुड़ने पर पूर्व सैनिकों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर अमन आनंद, कमांडर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु सहित 350 से अधिक सैनिक, पूर्व सैनिक, एम्स के अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

# यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक राजेंद्र कुमार साबू रायपुर प्रवास के दौरान शाखा प्रबंधकों की शाखावार व्यवसाय की समीक्षा की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक महोदय श्री राजेंद्र कुमार साबू जी अपने 02 दिवसीय दौरे पर दिनांक 13.03.2024 को रायपुर पधारे। इस दौरान उन्होंने रायपुर अंचल कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों और अंचल की सभी शाखाओं के शाखा प्रबन्धकों की शाखावार व्यवसाय की समीक्षा की।

कार्यपालक महोदय श्री साबू जी द्वारा अंचल कार्यालय के सभी विभागों के प्रभारियों से वन टू वन चर्चा की और उस कार्य को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया तथा फीडबैक भी प्राप्त किए साथ ही साथ विभागों को अपना शत ङ्क प्रतिशत योगदान देने का निर्देश किया।

शाखा प्रबन्धकों कीसमीक्षाबैठक में श्रीसाबू जी ने सभी शाखा प्रमुखों को अपने-अपने मार्च 2024 के दिये गए लक्ष्य को प्राप्त करने, डिजिटल बैंकिंग को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।बैंक के यूएसपी पर ध्यान देने और टॉप 50 ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बैंक एवं जनमानसकी उन्नति के लिए उत्कृष्ट ग्राहक सेवा एवं ग्राहक संपर्क की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। श्री साबू जी ने यूको बैंक के गणमान्य ग्राहकों के साथ भेटवार्ता की एवं उनसे फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख महोदया श्रीमती लकि नायक, उप अंचल प्रमुख श्री एन.पी. सिंह, सहायक महाप्रबंधक एवं एमएसएमई हेड श्री पलाश हलदर और सभी यूकोजन उपस्थित थे।

# मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : डॉ. गौरव सिंह

### कलेक्टर मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्य शाला में शामिल हुए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में आज लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्य शाला में शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगा। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मत पत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया। अंत में कलेक्टर के निर्देशानुसार एक संक्षिप्त टेस्ट भी लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बन्दे, प्रशिक्षण के सहायक नोडल अधिकारी श्री केदार पटेल तथा मास्टर ट्रेनर श्री राकेश डेढ़गवे और श्री अजीत हुंदैत उपस्थित थे।

# गढ़चिरौली के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, चार इनामी नक्सली ढेर, एके-47 बरामद

### जंगल में बड़े नक्सलियों के छिपे होने की आशंका

**बीजापुर/सुकमा ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव से पहले नक्सली बड़ी वारदात को अंजाम देने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। बस्तर संभाग में लगातार हमले के बाद अब नक्सलियों का मूव्हमेंट महाराष्ट्र सीमा में दर्ज किया जा रहा है। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर कोलामार्का के जंगलों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

दरअसल, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में 36 लाख के चार इनामी नक्सली मारे गए। हालांकि, सर्चिंग के बाद जवानों ने मौके से एके 47 समेत कई हथियार बरामद किया है। यह मुठभेड़ गढ़चिरौली के कोलामार्का के जंगलों में हुई है।


दरअसल, गढ़चिरौली पुलिस को छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर कोलामार्का के जंगलों में बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की खबर मिली। इस पर जवानों ने नक्सलियों को घेरने सर्चिंग अभियान शुरू किया। सी-60 कमांडो ने कोलामार्का के जंगलों में नक्सलियों को घेर लिया। नक्सलियों ने अपने आप को घिरा पाकर जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। सी-60 कमांडो के जवानों ने मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चार नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में नक्सली डीवीसी मेंबर वर्गीश, डीवीसी मंगतू, प्लाटून सदस्य कुरसम राजू और प्लाटून सदस्य वेंकटेश मारे गए। ये सभी माओवादी तेलंगाना राज्य समिति के सदस्य थे।

# पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी एसीबी-ईओडब्ल्यू के प्रभार से मुक्त

**रायपुर ( आरएनएस )।** वरिष्ठ आईपीएस अफसर तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी से राज्य सरकार ने एसीबी और ईडब्ल्यू का प्रभार वापस ले लिया है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में श्री अवस्थी के पास एंटी करप्शन और ईओडब्लू का प्रभार था जिसे सरकार ने वापस ले लिया हैं।

इसके बाद अब डीएम अवस्थी पीएचक्यू में फिलहाल विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ही रह गए हैं। इस संबंध में पिछले 15 मार्च को आदेश जारी कर दिया गया था। नई भाजपा सरकार ने रायपुर रेंज के आईपीएस अफसर अमरेश मिश्रा को यह दोनों जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि तब अवस्थी से यह चार्ज वापस नहीं लिया गया था। लेकिन अब सरकार की तरफ से इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिया गया हैं।

गौरतलब हैं कि डीएम अवस्थी पिछले साल मार्च में सेवानिवृत्त हो गए थे। लेकिन इसके बाद उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था। वही एक साल पूरा होने के बाद अब नई सरकार श्री अवस्थी की सेवावृद्धि करती है या नहीं यह देखने वाली बात है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें
और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354